# पहले दिन भाजपा, बसपा प्रत्याशियों के लिए खरीदे गये नामांकन पत्र

## मथुरा लोस सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू, दूसरे चरण में होगा मतदान, नामांकन प्रक्रिया के लिए कलेक्ट्रेट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**



**मथुरा :** लोकसभा सीट मथुरा के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। गुरुवार को प्रातः रिटर्निंग ऑफिसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी की। अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन भाजपा और बसपा के घोषित प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र खरीदे गये। नामांकन प्रक्रिया के लिए कलेक्ट्रेट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आज निर्वाचन आयोग से निर्देश था, हमारे यहां द्वितीय चरण में मतदान होना है। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर से नोटिफिकेशन जारी होता है, वह आज प्रातःकाल जारी हो गया है।

गुरुवार 28 मार्च से चार अप्रैल के तीन बजे तक नामांकन पत्र जमा किये जाएंगे। पांच अप्रैल को 11 बजे से स्कूटनी होगी, स्कूटनी समाप्त होने तक प्रक्रिया चलती रहेगी। आठ अप्रैल को तीन बजे तक नाम वापसी हो सकती है। अगर चुनाव की आवश्यकता हुई तो 26 अप्रैल की तिथि मतदान के लिए तय है। जहां तक नामांकन पत्रों की बात है कलेक्ट्रेट परिसर में जहां से नामांकन पत्र दिया जाना है उसको पूरी तरह से बेरीकेड किया गया है। वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस और मजिस्ट्रेट लगे हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूरा परिसर सीसीटीवी कैमरे की कवरेज में है।

इसके अलावा यहां वीडियोग्राफी अलग से हैं, यहां जो भी प्रत्याशी आएंगे और नामांकन करेंगे उन सभी की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पूरी पुख्ता व्यवस्था है। विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों के साथ भी हमने बैठक की है और उन्हें अवगत करा चुके हैं। चुनाव आयोग के दिश निर्देशों का सभी लोग पालन करें इस बारें भी अवगत कराया गया है। हमारे जनपद में अभी तक आचार संहिता उल्लंघन की कोई शिकायतें नहीं आई हैं। हमारा प्रयास है कि जो भी आचार संहिता के उल्लंघन के होर्डिंग, पोस्टर हमारे संज्ञान में आ रहे हैं उन्हें हटाया जा रहा है बाकी लोगों ने अपने आप हटा लिये हैं।

### जनिये किसे एक, किसे 10 प्रस्तावकों की होगी जरूरत

प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25000 रुपये अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को 12500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय, राज्य दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा अमान्यता प्राप्त एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 निर्वाचक प्रस्तावक की आवश्य-कता होगी। इस बार उम्मीदवार के लिए 95 लाख खर्च करने की सीमा तय की गई है।

### भाजपा, बसपा प्रत्याशी के लिए खरीदे गये नामांकन पत्र

भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हेमा मालिनी हैं उनके लिए दो सेट खरीदे हैं एक हिन्दी का और एक इंग्लिश का। नामांकन को लेकर संभावना है कि चार अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी अपना नामांकन करेंगी। इससे पूर्व अगर पार्टी निर्देश करेगी तो आदेश का पालन होगा। वहीं बसपा प्रत्याशी कमलकांत उपमन्यु ने बताया कि आज पहला दिन है, मैंने पर्चा खरीदा है, दोबारा से मैदान में हूं, 25 साल पहले जनता के बीच गया था। पार्टी ने दोबारा से मेरे उपर विश्वास किया है। एक अप्रैल को नामांकन करूंगा।

### चुनाव प्रक्रिया तक जनसुनवाई स्थगित, निराश लौटे फरियादी

जनसमस्याओं के समाधान को प्रतिदिन होने वाली जन सुनवाई चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे आज दूरदराज से आए फरियादियों को निराश होकर वापस लौटते देखा गया। बताया गया है कि सभी अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से जनसमस्याओं के समाधान के लिए समय दिए जाने की व्यवस्था है। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा जन सुनवाई कर यहां आने वाली शिकायतों का निस्तारण कराए जाने की व्यवस्था है। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक चलने वाले इस जनसुनवाई तक जिले के दूरस्थ गांवों से लोग आते हैं। जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो सके। हालांकि इसके बाद भी लोगों को परेशान होते देखा गया है। लेकिन आज से इस कार्यक्रम को स्थगित किए जाने से लोगों में चर्चा रही कि अब तक दो महीने बाद ही कोई किसी की सुनेगा। तब तक कष्ट झेलना ही पड़ेगा।

# नेशनल हाईवे पर युवक की जलाकर हत्या, ससुरालियों पर लगाया आरोप

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में गुरुवार को नेशनल हाईवे पर एक युवक की जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में दहशत व्याप्त हो गई। परिवार वालों ने युवक की हत्या का आरोप उसके ससुराल वालों पर लगाया है।

गुरुवार की दोपहर महोली गांव का रहने वाला 22 वर्षीय विजय पुत्र पप्पू अपने पिता के साथ मोटर साइकिल से थाना हाई वे आ रहा था। विजय जैसे ही एटीवी फैक्ट्री के समीप पहुंचा वहां जाम लगा हुआ था। इसी दौरान उसकी बाइक को पीछे से खींच लिया और सड़क किनारे ले जाकर जिंदा जला दिया। दोपहर में भरी रोड पर इस दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देकर हत्यारे मौके से भाग गए। बेबस पिता पप्पू हत्यारों से उसे छोड़ देने की गुहार लगाता रहा। लेकिन पिता की गुहार और संघर्ष भी हत्यारों को नहीं रोक सकी। तीन भाइयों में सबसे बड़े विजय की हत्या से मौके पर दहशत फैल गई। विजय की हत्या की जानकारी पिता ने पुलिस और परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। विजय का शव देखकर चीख पुकार मच गई। हर कोई इस दिल दहला देने वाली वारदात को देख स्तब्ध था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। एसपी सिटी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकद्मा दर्ज कर लिया गया है। मामले में सही तथ्यों के आधार पर जांच की जा रही है। जो सही होगा उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

### ससुरालियों से चल रहा था विवाद

विजय के मामा ने बताया कि उसकी शादी दो वर्ष पहले गांव भूड़रसू की रहने वाली पिंकी से हुई थी। शादी के बाद से ही पति पत्नी में विवाद होने लगा। जिसके बाद दोनों पक्षों की तरफ से पुलिस को तहरीर दी लेकिन बाद में समझौता हो जाता। गुरुवार को भी इसी मामले में थाना पर दोनों पक्षों को पहुंचना था लेकिन उससे पहले यह वारदात हो गई।



# खाद्य सुरक्षा विभाग का डेयरी प्लांट पर छापा

## लाइसेंस प्रस्तुत न करने पर डेयरी प्लांट बंद करने के निर्देश

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी को रोकने के लिए गोवर्धन कस्बा से मिल रहे मिलावट की खबर पर सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा सौंख अड्डा गोवर्धन स्थित गोयल उत्तम डेरी प्लांट पर छापा मारा गया।

डेयरी प्लांट का निरीक्षण करने के दौरान परिसर में काफी मात्रा में विभिन्न ब्रांडों की एक्सपायरी डेट के आइसक्रीम बरामद किए जिन्हें मौके पर नष्ट कर दिया साथ ही संदेह होने पर दूध, पनीर तथा मावा का एक एक नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया है। डेयरी संचालक द्वारा मौके पर मानक अनुसार डेयरी प्लांट का लाइसेंस प्रस्तुत न करने के कारण डेयरी प्लांट को बंद करने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान देवराज सिंह, एस एस निरंजन, अरुण कुमार, दलवीर सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी तथा खाद्य सहायक ताराचंद धारिया उपस्थित रहे।

# चौमुहां के हुरंगा में महिलायें साड़ी पाकर हुई गदगद

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** होली गिले शिकवे दूर करने का प्रमुख पर्व है। होली बृज की विरासत है। अधर्म पर धर्म की विजय और अद्भुत भक्ति का सूचक भी है। होली बृज की पहचान है। लोगों को द्वेष भावना मिटाकर एकजुटता का संदेश देती है। भक्त प्रहलाद की भक्ति की शक्ति भी एक अनूठी राह दिखाती है।

महिलाओं का उत्सावर्धन करते हुए बताया कि उनके द्वारा सबके सहयोग से कई वर्षो से हुरंगा कराया जा रहा है। इसके लिए वो सबके आभारी हैं। हुरंगा तीन बजे से शुरू होकर सांय 7 बजे तक चलता रहा। हुरंगा में हजारों महिला-पुरुषों ने भाग लेकर जमकर हुरंगा खेला। हुरियारे, हुरियारिनों को प्रेम भरी गाली देकर भाग रहे थे तभी महिलायें छड़ी की मार दे रही थीं। हुरंगा में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पूरन सिंह ने मिष्ठान देकर स्म्मानित किया।

जिससे महिलायें गदगद नजर आई। होली और हुरंगा ब्रज की शान है। सभी को पूरी साल इस दिन का इंतजार रहता है। हुरंगा की व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहा। तमाम निजी संगठन के कार्यकर्ता भी व्यवस्था संभाल रहे थे। हुरंगा देख हर कोई प्रसन्नचित्त हो रहा है। हुरंगा में हर कोई मदहोश नजर आ रहा था। हुरंगा में घोडी व ऊंट के नृत्य ने भी समां बांध दिया। तमाम दुकानदारों ने हुरंगा में विभिन्न प्रकार की दुकानें भी लगा रखी थीं। हुंरगा का दृश्य मेले के रुप में नजर आ रहा था। हुरंगा में हजारों लोगों ने भाग लिया। कस्बा के अलग-अलग थोकों से महिलाओं ने टोली में आकर गायन करते हुए प्रतिभाग किया। ढोल, ढप, नगाडे की थाप पर लोग नाचते गाते हुए जा रहे थे।

### ❖ हुरंगा में भाग लेने वाली सभी महिलाओं को पूरन सिंह ने मिष्ठान देकर स्म्मानित किया

# मथुरा में लोकसभा चुनाव के लिए 4 प्रेक्षक नियुक्त

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जनपद मथुरा के लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के द्वितीय चरण के निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आई.ए.एस आशुतोष गुप्ता को सामान्य प्रेक्षक, आई.पी.एस.डॉ राजश्री सिंह को पुलिस प्रेक्षक, आई.आर.एस आई.टी. श्री रमेश बी.आर. को व्यय प्रेक्षक तथा आई.आर.एस सी एंड सी.ई. शिबी सिंह गहरवार को व्यय प्रेक्षक के पद पर तैनात किया गया है।

# आर्मी भर्ती की कोचिंग लेकर लौटता युवक रेल से गिरा

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** आर्मी भर्ती के लिए पलवल में कोचिंग लेकर लौट रहे युवक की रेल से गिरकर मौत हो गई। बताया गया कि थाना कोसीकला क्षेत्र अंतर्गत बठैनकलां निवासी कपिल कुमार 20 वर्ष पुत्र चिरंजीलाल पलवल में आर्मी भर्ती की कोचिंग लेकर रोजाना की भांति कल शाम ट्रेन से घर लौट रहा था तभी कोसीकलां रेलवे स्टेशन के नजदीक वह चलती ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और उसके पास से मिले आधार कार्ड से घटना की सूचना देर रात परिजनों को दी तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया। आज दोपहर बड़ी संख्या में मृतक के परिजन पोस्टमार्टम गृह पर रोते बिलखते नजर आए।

# दो वारंटियों को रेलवे पुलिस ने पकड़ा, किया रेलवे न्यायालय पेश



**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**

**मथुरा।** जीआरपी पुलिस ने रेलवे की सम्पत्ति के आरोप में दो वारंटियों को पकड़ा है। आज आरोपितों के न्यायालय में पेश किया गया है जहां से उन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा जेल भेजा गया है।

गौरतलब हो कि राशिद पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मोहनपुरा, राजेंद्र पुत्र गोपाल प्रसाद निवासी नरहोली हाईवे मथुरा उक्त दोनों आरोपियों के अपर रेलवे मजिस्ट्रेट मथुरा द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे उनके द्वारा वर्ष 2005 में रेलवे की संपत्ति के चोरी का आरोप है। राजस्थान थाना भरतपुर रेलवे उ0नि शिवदत्त शर्मा द्वारा आज चौकी मथुरा रेलवे के सहायक उ0नि0 अरविन्द गौतम व प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार द्वारा घेराबंदी दोनों वारन्टी गिरफ्तार किये है। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा जेल भेजा गया। दोनों वारंटियों को पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवदत्त शर्मा, सहायक उप निरीक्षक अरविंद गौतम, प्रधान आरक्षक मुकेश कुमार आदि शामिल थे।

# अपहरण कर अध्यापक ने किया नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म

**मथुरा।** 4 वर्ष पूर्व सुरीर के इरोली जुन्नारदार में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी के साथ स्कूल के ही अध्यापक द्वारा दुराचार किए जाने के मामले में एडशिनल सिविल जज के न्यायालय से आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और 65 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया गया है कि तीन दिसंबर 2020 को सुबह साढ़े सात बजे इरोली जुन्नादार में रहने वाली अशोक कुमार की 14 वर्षीय बेटी का अपहरण हो गया था।

जिसकी रिपोर्ट सुरीर थाने में इसी दिन शाम को दर्ज करा दी गई थी। बाद में पुलिस ने कई स्थानों पर दबिश देने के बाद ब्रजस्थलीय इंटर कालेज टैटीगांव के अध्यापक फिरोज चौधरी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और उसी के कब्जे से किशोरी को मुक्त कराया। पुलिस द्वारा लंबे समय तक की गई विवेचना के बाद इस मामले में न्यायालय के समक्ष दस गवा पेश हुए जिससे आरोपी पर नाबालिग किशोरी के साथ दुराचार का आरोप सिद्ध हुआ। आज विद्वान न्यायाधीश राम राज द्वितीय ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी शिक्षक फिरोज चौधरी निवासी हापुड़ को आजीवन कारावास की सजा और 65 हजार रुपये की अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# लाडवा अनाजमंडी में बढ़ी सरसों की फसल की आवक



**लाडवा (नरेश गर्ग) :** लाडवा अनाज मंडी में पिछले तीन दिनों से किसानों की सरसों की सरकारी खरीद चल रही है। तीसरे दिन लगभग 2 हजार क्विंटल सरसों की फसल का अराइवल हुआ है, जिसमें से सरकार द्वारा 700 क्विंटल सरसों की फसल की सरकारी खरीद कर ली गई थी। वहीं अब धीरे-धीरे अनाज मंडी में सरसों की फसल की आवक बढ़ने लगी है। मार्केट कमेटी सचिव संत कुमार ने कहा कि लाडवा अनाज मंडी में किसानों के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हैफेड द्वारा पिछले तीन दिनों से सरसों की सरकारी खरीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले दिन 217 क्विंटल सरसों की सरकारी खरीद की गई थी। वहीं दूसरे दिन 1447 किवंटल सरसों की सरकारी खरीद की गई थी। तीसरे दिन गुरुवार को 2हजार क्विंटल सरसों की अराइवल मंडी में हुई थी। जिसमें से 700 क्विंटल सरसों की फसल हैफेड द्वारा खरीद ली गई है। वहीं उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मार्केट कमेटी कार्यालय में किसानों के लिए हेल्प डेस्क भी बनाया गया है। इसके साथ-साथ अनाज मंडी के रादौर रोड गेट पर एक गेट पास काउंटर बनाया गया है। किसान अपनी फसल का गेट पास वहां से कटवा कर मंडी में अपने सरसों की फसल ला सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार के अनुसार 1 अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद भी शुरू की जानी है। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेता धुम्मन सिंह किरमच ने लाडवा अनाज मंडी का दौरा कर सरसों की फसल का जायजा लिया और कहा कि किसानों को जो रेट सरकार की ओर से दिया जा रहा है, उससे किसान खुश नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार हर संभव प्रयास कर रही है कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। वहीं उन्होंने कहा कि पहले भी किसानों को सरकार की ओर से बहुत लाभ दिए जा रहे हैं।

# किडजी और रॉयल किड्स कावेंट स्कूल में हवन यज्ञ से किया नए सत्र का शुभारंभ



**लाडवा :** किडजी और रॉयल किड्स कावेंट स्कूल में नए सत्र 2024-25 का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। हवन में स्कूल मैनेजमेंट के सभी सदस्यों व स्कूल के बच्चों ने हवन यज्ञ में आहुतियां डाली। स्कूल प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने बताया कि हवन यज्ञ के दौना पूजा अर्चना के साथ मां सरस्वती से नए वर्ष में हर प्रकार की विपदाओ व महामारी से सुरक्षा के लिए प्रार्थना की गई, ताकि बच्चों को शिक्षा में पूर्व वर्ष की भांति किसी प्रकार की बाधा न आए। बच्चों ने अच्छे संस्कार अपनाने और विद्या के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया। किडजी स्कूल शिक्षा के साथ साथ भारतीय संस्कृति और संस्कार के प्रति बच्चों को सचेत करता रहता है। उन्होंने बताया कि हिंदू संस्कृति के अनुसार कोई भी शुभ कार्य करने से पहले हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर विद्या की देवी सरस्वती माता की पूजा की। विद्यालय के प्रांगण में हवन-पूजन के उपरांत हवन यज्ञ से वातावरण शुद्धता बारे बताया गया। वहीं हवन यज्ञ में डॉ.रिचा सिंघल, दीपक सिंघल, स्वाति गुप्ता, अंकुर गुप्ता, विकास सिंघल, सीमा सिंघल, शिवानी सिंघल, ऋषभ सिंघल, प्रिसिपल विम्मी तनेजा सहित सभी अध्यापक एवं विद्यार्थियों ने आहुति मौके पर मुस्कान मग्गो, गीता शर्मा, सोनिया, विशाखा, हर सिमरन, कविता, स्वाति, गरिमा, श्रेया, शिवानी, मुस्कान, रितु, अंजली, खुशी, निशा, रश्मि आदि अध्यापिकाएं शामिल हुई।

# बेटों की पिटाई से क्षुब्ध पिता ने फांसी लगाकर दी जान

**तेजयुग न्यूज/अशफाक चौधरी**



**मथुरा।** सदर थाना क्षेत्र के जवाहरबाग जंगल में बीती देर शाम पेड़ पर लटका एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई बाद में इसकी पहचान बालाजीपुरम निवासी सत्य प्रकाश के रूप में हुई। बताया गया कि शराब पीने का आदी सत्य प्रकाश को इससे पहले घर में उसके बेटों ने पीटा था। इसी से क्षुब्ध होकर वह घर से निकल आया और रास्ते भर जो भी मिला उसी से कहा कि मैं मरने जा रहा हूं।

हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत बालाजीपुरम में काफी समय से सत्य प्रकाश (45) पुत्र रामजी लाल अपने दो बेटे एक बेटी और पत्नी के साथ किराये के मकान में रहता था और मेहनत मजदूरी करता था। मूलरूप से अलीगढ़ जनपद की खैर तहसील अन्तर्गत सुजानपुरगांव का रहने वाला सत्यप्रकाश शराब पीने का आदी था जिसे लेकर उसके घर में आए दिन झगड़ा होता था। मृतक के साले विपिन ने पोस्टमार्टम गृह पर बताया कि कल दोपहर जब सत्य प्रकाश शराब के नशे में घर पहुंचे तो उसकी पत्नी और बच्चों ने उससे झगड़ा किया। इसके बाद वह घर से निकल आए और देर रात उसका शव पेड़ से लटका होने की जानकारी परिजनों को दी।



# रंगोत्सव में जमकर हुआ अश्लील नाच, वीडियो वायरल

**मथुरा।** राधारानी की धरा पर मर्यादाएं तार-तार हुई। राधारानी की ननिहाल मुखराई गांव में पर्यटन विभाग ने रंगोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें बार बालाओं का अश्लील डांस हुआ। चरकुला नृत्य के बाद पर्यटन विभाग के मंच पर जमकर अश्लील ठुमके लगे। धर्म और तीर्थ की नगरी मथुरा में जिम्मेदारों को मर्यादाओं का भान नहीं रहा। हरियाणा और नोएडा से डांसर बुलाई गई थीं। मामले का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया। पोस्ट करते ही यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। लोग अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# ओ पी जी स्कूल में मनाया गया ग्रेजुएशन डे



**लाडवा :** लाडवा के ओम प्रकाश गर्ग स्कूल में सीनियर, के.जी. कक्षा के बच्चों के लिए ग्रेजुएशन डे का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुमित गर्ग द्वारा सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि वार्षिक परीक्षा परिणाम लेने आए अभिभावकों के लिए बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों ने स्वागत गीत गाकर तथा डांस प्रस्तुति द्वारा सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों को संबोधित करते हुए, उन्हें बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम प्राप्त करने की हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं सभी उपस्थित जनों को जलपान आदि करा कर विदा किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व अभिभावक उपस्थित थे।